# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

## प्रेस विज्ञप्ति

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के 67वें दीक्षान्त समारोह, वर्ष 2024 दिनांक **16-09-2024** दिन सोमवार को विद्वत यात्रा में सहभागी शिक्षक, शिक्षिकाओं, उपाधि प्राप्त कर्ता छात्र/छात्राओं तथा मंचासीन महानुभावों हेतु वस्त्र सज्जा/परिधान निम्नांकित रूप में धारण करने हेतु निर्धारित किया गया है:-

**पुरूष, शिक्षक/अधिकारी/प्राधिकारी सदस्य**

बन्द गले का कोट (काला), पैन्ट (काला) एवं जूता (काला)

**महिला शिक्षिका/अधिकारी/प्राधिकारी सदस्य**

क्रीम सिल्क साड़ी (गोल्डेन बॉर्डर सहित), क्रीम ब्लाउज एवं काला जूता

**छात्र**

कुर्ता–महरून, पैजामा–चूड़ीदार (क्रीम), जूता (काला), अंगवस्त्र क्रीम कलर साटन कपड़े पर बाहरी बार्डर पट्टी गोल्डन कलर की एवं भीतर बार्डर पट्टी महरून कलर की।

**छात्राएं**

महरून साड़ी, गोल्डन बॉर्डर के साथ या महरून कुर्ता, (चुन्नी/हिजाब के साथ), सलवार (चूड़ीदार क्रीम), अंगवस्त्र क्रीम कलर, गोल्डेन बॉर्डर।

**डायस/मंचासीन**

1- कुलाधिपति :–क्रीम सिल्क कपड़े पर गोल्ड एवं महरून जरदोजी
2- कुलपति :–गोल्ड सिल्क कपड़े पर महरून जरदोजी
3- प्रति कुलपति :–गोल्ड सिल्क कपड़े पर महरून जरदोजी
4- मुख्य अतिथि :–डल ऑरेंज सिल्क कपड़े पर गोल्ड जरदोजी
5- मानद उपाधि प्राप्त कर्ता :–नेवी ब्लू कपड़े पर गोल्ड एवं महरून जरदोजी
6- कुलसचिव :–हरे कपड़े पर गोल्ड जरदोजी

**विद्वत यात्रा सदस्य**

1. विद्या परिषद सदस्य :– गोल्डन कलर साटन कपड़े पर महरून बॉर्डर
2. कार्य परिषद सदस्य :– महरून कलर साटन कपड़े पर गोल्डन बॉर्डर

उक्त के क्रम में यह भी सूचित करना है कि दीक्षान्त समारोह के सहभागियों को अंग वस्त्र/परिधान का वितरण दिनांक **14-09-2024** एवं **15-09-2024** को पूर्वान्ह **10:00** बजे से अपरान्ह 03:00 तक कुलानुशासक कार्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय के बगल में स्थित कक्ष संख्या 05 में किया जाएगा।

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
**कुलसचिव**

संख्याः– M-18609-20 दिनांकः– 06/09/24

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1- सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2- प्रो0 अवधेश कुमार त्रिपाठी, सी0डी0सी0,/अध्यक्ष, वस्त्र एवं परिधान समिति, दीक्षान्त समारोह।
3- समस्त मा0 कोर्ट सदस्य/मा0 कार्य परिषद, सदस्य/मा0 विद्वत परिषद सदस्य, लखनऊ विश्वविद्यालय।
4- समस्त संकायाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति संकाय कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
5- कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6- परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7- वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8- निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञापन का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
9- प्रभारी, बेवसाइट, ल0वि0वि0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि प्रस्तुत विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
10- समस्त उप कुलसचिव, ल0वि0वि0।

6.9.2024.
**कुलसचिव**

# कुलसचिव कार्यालय

(नैक द्वारा A++ ग्रेड प्रत्यायित)

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ, उ0प्र0,—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


Ref. No. M-18816-99

Date 09/09/24

सेवा में,

1. विश्वविद्यालय सभा के माननीय सदस्यगण।
2. कार्य परिषद के माननीय सदस्यगण।
3. विद्या परिषद के माननीय सदस्यगण।

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषयः— दिनांक 16 सितम्बर, 2024 को आयोजित लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के 67वें दीक्षान्त समारोह के आमन्त्रण एवं परिधान व पूर्वाभास के संबंध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय में आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि **लखनऊ विश्वविद्यालय का 67वाँ दीक्षान्त समारोह दिनांक 16-09-2024 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 11:00 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर स्थित कला संकाय प्रांगण** मे होना सुनिश्चित हुआ है। माननीया श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश/कुलाधिपति महोदया, लखनऊ विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता करेंगी। कुलपति जी, कार्य परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यगण, विद्या परिषद एवं विश्वविद्यालय सभा के समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं सभी संकायों के सम्मानित अधिष्ठातागण शैक्षणिक शोभा यात्रा के सहभागी होगें।

शैक्षणिक शोभायात्रा के सभी सहभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा अंगवस्त्र उपलब्ध कराया जायेगा। अंगवस्त्र का वितरण **दिनांक 14 एवं 15 सितम्बर, 2024 को पूर्वान्ह् 10:00 बजे से अपरान्ह् 03:00** बजे तक लखनऊ विश्वविद्यालय के **कुलानुशासक कार्यालय के बगल में स्थित कक्षा संख्या 05** किया जायेगा। अंगवस्त्र को दीक्षान्त समारोह के समाप्त होने के पश्चात उक्त कक्ष में वापस किया जायेगा।

अतः माननीय सदस्यगणों से अनुरोध है कि दिनांक **16 सितम्बर, 2024** को दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग करने हेतु **पूर्वान्ह् 10:00 बजे समारोह स्थल (कला संकाय प्रांगण)** पर पधारने का कष्ट करें। **साथ ही यह भी अनुरोध है कि दिनांक 14 सितम्बर, 2024 दिन शनिवार को पूर्वान्ह् 11:00 बजे विश्वविद्यालय में होने वाले दीक्षान्त समारोह के पूर्वाभ्यास में भी सम्मिलित होने का कष्ट करें।**

कृपया उक्तानुसार निर्धारित तिथि एवं समय पर दीक्षान्त समारोह स्थल पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

भवदीय,

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

संख्याः— M-18900-10 दिनांकः— 09/09/24

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रो0 अवधेश कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद, ल0वि0वि0।
3. कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
5. परीक्षा नियन्त्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. समस्त उप कुलसचिव, ल0वि0वि0।

9.9.2024

कुलसचिव